3137

एम एच डी–06

# हिन्दी में स्नातकोन्तार उपाधि

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2014

## एम.एच.डी–06 : भाषा और साहित्य का इतिहास

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

**नोट : किन्हीं पाँच** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

1. हिन्दी साहित्य के इतिहास में काल विभाजन की क्या समस्याऐं हैं? विभिन्न विद्वानों के मतों के आधार पर उत्तर दीजिए। **20**

अथवा

आदिकालीन साहित्य की पृष्ठभूमि की चर्चा करते हुए तद्‌युगीन साहित्यिक प्रवृत्तियों की विशेषताएँ बताइए।

2. भक्ति आन्दोलन के अखिलभारतीय स्वरूप का परिचय देते हुए हिन्दी भक्ति काव्य धाराओं की चर्चा कीजिए। **20**

अथवा

संत काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए।

3. रीतिकाव्य की तीन धाराएँ कौन सी हैं? उनकी प्रमुख विशेषताऐं बताइए। **20**

अथवा

आधुनिक कालीन साहित्यिक चेतना के विकास में किन–किन स्थितियों–परिस्थितियों और मानसिकताओं की प्रमुख भूमिका रही?

4. 'भारतेन्दु युग के साहित्य में परंपरा और आधुनिकता की धाराऐं परस्पर मिलती दिखाई देती हैं।' इस कथन की समीक्षा कीजिए। **20**

अथवा

द्विवेदीयुगीन कविता की प्रमुख विशेषताऐं बताइए।

5. "प्रयोगवाद और नयी कविता अपने पहले की कविता से भिन्न हैं। इस कथन के आलोक में काव्य प्रवृत्तियों का विश्लेषण कीजिए। **20**

अथवा

हिन्दी की बोलियों का वर्गीकरण कीजिए।

6. निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** पर टिप्पणी लिखिए **10x2=20**

(क) देवनागरी लिपि का विकास

(ख) हिन्दी आलोचना

(ग) समकालीन कविता

(घ) छायावाद

—— *** ——